# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10 अक्टुबर 2023 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भदोही में अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले का किया उद्घाटन। कहा– सरकार के प्रयासों से पिछले चार वर्ष में लगभग ढाई सौ गुना बढ़ा प्रदेश का निर्यात।
- मुख्यमंत्री ने उन्नाव में आठ सौ चार करोड़ रूपए की परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। महान स्वतंत्रता सेनानी राजा राव रामबख्श सिंह की मूर्ति का किया अनावरण।
- प्रदेश में गर्भवती महिलाओं और पांच वर्ष तक के बच्चों के टीकाकरण के लिए शुरू हुआ सघन मिशन इंद्रधनुष का तीसरा चरण।
- राज्य से विदा हुआ मानसून। इस वर्ष पूर्वी यूपी में औसत से उन्तीस प्रतिशत कम जबकि पश्चिमी यूपी में औसत से तीन प्रतिशत अधिक हुई वर्षा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल भदोही में अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले का औपचारिक उद्घाटन किया। भदोही, मिर्जापुर और वाराणसी क्षेत्र को वस्त्र उद्योग का प्रमुख केंद्र बताते हुए श्री योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने कारीगरों और शिल्पकारों के हुनर को मंच प्रदान करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भदोही में पहले भय और आतंक का माहौल होता था लेकिन आज अंतरराष्ट्रीय मेला लग रहा है। श्री योगी ने कहा कि हाल में नोएडा में अंतरराष्ट्रीय मेले का आयोजन किया गया था जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से कारीगरों और शिल्पकारों ने अपने उत्पादों को विश्व भर से आए लोगों के समक्ष प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक महीने के भीतर दो अंतरराष्ट्रीय मेलों का आयोजन इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार एक जनपद–एक उत्पाद योजना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने शिल्पकारों के कौशल विकास और प्रौद्योगिकी के समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक जनपद–एक उत्पाद और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना ने प्रदेश के निर्यात को पिछले चार वर्षों में लगभग ढाई सौ गुना बढ़ाने में मदद की है।

***हमें अपने हस्तशिल्पी और कारीगरों को आगे बढ़ाना होगा। यह हमारी बहुत बढ़ी ताकत हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने सन–2018 में अपने परम्परागत उत्पादों को प्रमोट करने के लिये वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट की योजना चलायी हे। अपने परम्परागत हस्तशिल्पियों और कारीगरों के लिये अच्छी ट्रेनिंग हो, उसको मान्यता मिले, उनको उन्नत किस्म के टूल्स प्राप्त हों, इसके लिये विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में उत्तर प्रदेश में एक्सपोर्ट को मात्र 4 वर्ष के अन्दर ही जबकि 4 वर्ष में 3 वर्ष कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के कारण जाना जाता है, तब भी उत्तर प्रदेश के एक्सपोर्ट को लगभग ढाई गुना बढ़ाने में इसमें मदद मिली है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल उन्नाव जिले के डौंडिया खेड़ा में महान स्वतंत्रता सेनानी राजा राव रामबख्श सिंह की मूर्ति का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने राजा राव रामबख्श सिंह के देश के प्रति उनकी सेवाओं को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री योगी ने जनपद में आठ सौ चार करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

**जी–20 का समूह वह है इतिहास में दुनिया के 40 देशों के राष्ट्राध्यक्ष ने भारत में सानिध्य भारत के शक्ति को देखा है। देश के अन्दर सारे स्तम्भ पर 200 से अधिक सम्मेलन अलग–अलग वर्गो को कोई युवाओं को, कोई महिलाओं को, कोई गरीब कल्याण को लेकर, कोई टेक्नोलॉजी को लेकर के कोई इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर के अलग–अलग सम्मेलन एक सभागार सम्पन्न हुए, ये सभी कार्यक्रम इस बात की साक्षी है कि वास्तव में भारत ने एक शानदार यात्रा की और एक शानदार यात्रा इस बात का द्योतक है कि इस शदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान जहां भारत दुनिया के सामने गर्व के साथ अपने कार्य का शानदार यात्रा को लेकर के आगे बढ़ रहा है।**

**********

अयोध्या में स्थित अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय को, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास को सौंपा जायेगा। इस संबंध में कल प्रदेश के संस्कृति विभाग और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा और महासचिव चंपत राय भी मौजूद रहे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में नवनिर्मित अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय और आर्ट गैलरी में भगवान श्रीराम के मंदिर से जुड़ी दुर्लभ धरोहरों, संरचनाओं तथा उत्खनन से प्राप्त विभिन्न अवशेषों को पूरे विश्व समुदाय के अवलोकन के लिए प्रदर्शित किया जायेगा।

उधर, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय ने कहा कि मंदिर के भूतल का निर्माण पूरा हो चुका है। प्रथम और द्वितीय तल का निर्माण जारी है। उन्होंने कहा कि मंदिर के गर्भगृह में भगवान राम के बाल स्वरूप की प्रतिमा स्थापित की जाएगी जिसके लिए तीन प्रतिमाएं तराशी जा रही हैं। इनमें से सबसे मनमोहक प्रतिमा को गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा।

**भगवान का पांच वर्ष आयु का स्वरूप खड़ी मूर्ति 4 फीट 3 इंज अयोध्या में बन रही हैं। नवम्बर तक बन कर तैयार हो जायेगी 3 मूर्तियों में भगवान जिस किसी का हर स्वीकार कर लें जो पांच साल के बच्चे का स्वरूप अच्छे से अच्छा बना पायेगा तो ये एक काम नवम्बर तक पूरा हो जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा होगी। गर्भगृह में मंदिर तीन मंजिला है तो ग्राउण्ड फ्लोर के गर्भगृह में होगी तो ग्राउण्ड फ्लोर का गर्भगृह बनकर तैयार हो चुका है और अब उसमें अन्य किसी का प्रवेश वर्जित है। शेष मंदिर तीन सौ अस्सी फीड लम्बा दो सौ पचास फीड चौड़ा है, 3 स्टोरी का है। ऊपर का काम चल रहा है। हमें केवल ग्राउण्ड फ्लोर चाहिए तो ये काम भी मान लीजिए हमारा पूरा हो गया है।**

**********

प्रदेश में कल सघन मिशन इंद्रधनुष 'फाइव प्वाइंट ओ' के तीसरे चरण की शुरूआत हो गयी। इस अभियान के तहत किसी कारणवश नियमित टीकाकरण से छूट गए पांच वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाएगा। गोरखपुर में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दुबे ने पिपरौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जपनद में टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि गर्भावस्था में महिलाओं को दो बार और बच्चों को पांच साल की उम्र तक सात बार टीकाकरण कराना अनिवार्य है। वहीं, बलरामपुर जिले में बंजारन पुरवा में आयोजित टीकाकरण सत्र से जनपद में सघन मिशन इंद्रधनुष की शुरूआत हुई।

वाराणसी में स्वास्थ्य विभाग की अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ मंजुला सिंह और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने कल चौकाघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सघन मिशन इंद्रधनुष के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने नवजात शिशुओं को पोलियो रोधी दवा पिलाई। नियमित टीकाकरण बूथ पर कई बच्चों को मीजल्स–रूबेला सहित अन्य टीके भी लगाए गए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव को आज उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**********

प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने बसपा के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर कल लखनऊ में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। मायावती ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में लिखा कि कांशीराम के संघर्ष से यूपी में बीएसपी की चार बार सरकार बनी और यहां सामाजिक परिवर्तन तथा आर्थिक मुक्ति की मजबूत नींव पड़ी।

उधर, प्रदेश कांग्रेस ने कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर समाज के शोषित और वंचित वर्ग को सम्मान दिलाने के लिए दलित गौरव यात्रा निकाली, जिसे प्रदेश अध्यक्ष अजय राज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा संविधान दिवस–छब्बीस नवम्बर तक चलेगी।

**********

प्रदेश से कल औपचारिक रूप से मानसून की विदाई हो गयी। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से मानसून तीस सितंबर को ही विदा हो गया था लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश से यह पूरी तरह कल विदा हुआ। उन्होंने कहा कि इस वर्ष राज्य में औसत वर्षा दर्ज की गयी। वहीं, दीर्घकालिक औसत के अनुसार प्रदेश में इस वर्ष 17 प्रतिशत कम वर्षा हुई। पूर्वी यूपी में औसत से 29 प्रतिशत कम जबकि पश्चिमी यूपी में औसत से तीन प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गयी। सर्वाधिक वर्षा बिजनौर में जबकि सबसे कम वर्षा भदोही जिले में हुई। प्रदेश के सिर्फ पांच जिलों में एक हजार मिलीमीटर या इससे अधिक वर्षा हुई। इनमें बिजनौर, बाराबंकी, मुरादाबाद, गोरखपुर और बदायूं शामिल हैं। पूर्वी यूपी में सर्वाधिक वर्षा बाराबंकी और गोरखपुर में हुई।

**********